एक नजर में

पार्थ श्रीमाली ने जेईई मेंस में बढ़ाया मान

नवभारत न्यूज

खंडवा। शहर के होनहार छात्र पार्थ श्रीमाली ने जेईई मेंस-2026 के पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। बालकृष्ण श्रीमाली और वंदना श्रीमाली के सुपुत्र पार्थ ने अपनी कड़ी मेहनत और सतत परिश्रम के बल पर 98.7693 परसेंटाइल हासिल कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी परिणाम में पार्थ ने तीनों विषयों में बेहतरीन पकड़ साबित की है। विशेष रूप से रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) में उन्होंने सर्वाधिक 99.26 परसेंटाइल अर्जित किए हैं, जबकि गणित में 97.68 और भौतिकी में 95.75 परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर पिता बालकृष्ण श्रीमाली सहित पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है।

वनोपज सहकारी समितियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

नवभारत न्यूज

खंडवा। राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केंद्र नई दिल्ली के सहयोग से जिला सहकारी संघ मर्यादित खंडवा द्वारा जिले की प्राथमिक वनोपज सहकारी संस्थाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। संस्थाओं के संचालक मंडल के सदस्यों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए 18 फरवरी से तीन दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

जिला सहकारी संघ के प्रबंधक मेहताब सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 20 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4:30 बजे तक जिला सहकारी संघ कार्यालय में चलेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना है।

विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण: श्री भदौरिया ने बताया कि शिविर में विभागीय अधिकारियों के अलावा विषय विशेषज्ञ के रूप में निरंजन कसारा और सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर के पूर्व प्राचार्य केएल राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

एक ही परिवार में हिंदू-मुस्लिम सदस्य मनरेगा में लाखों के वारे-न्यारे

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले की ग्राम पंचायत सहाड़ा में भ्रष्टाचार की दीमक ने सरकारी खजाने को किस कदर खोखला किया है, इसका एक उदाहरण मंगलवार को जनसुनवाई में सामने आया। जी राम जी योजना के तहत सरपंच और सचिव की मिलीभगत से ऐसा फर्जीवाड़ा रचा गया, जिसे देखकर प्रशासनिक अधिकारी भी सन्न रह गए। यहाँ कागजों पर सांप्रदायिक एकता की ऐसी फर्जी मिसाल पेश की गई कि एक ही जॉब कार्ड में हिंदू और मुस्लिम, दोनों समुदायों के लोगों को एक ही परिवार का सदस्य बता दिया गया।

शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर के सामने जिस जॉब कार्ड फैमिली आईडी 1106 का कच्चा-चिट्ठा खोला। इस कार्ड में परिवार के मुखिया गोपाल (पिता तुलसीराम) के साथ लक्ष्मी, दिलीप, राजू के अलावा ओबेदुल्ला, फिरदौस, जुनेद और गुलवासा जैसे नाम भी दर्ज हैं। ग्रामीणों ने तंज कसते हुए कहा कि सरपंच-सचिव ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए एक ही छत के नीचे दो अलग-अलग धर्मों का परिवार बसा दिया।

इतना ही नहीं, घोटालेबाजों ने कुदरत के नियमों को भी बदल दिया। कई जॉब कार्ड्स में पिता और पुत्र, दोनों की उम्र 18-18 साल दर्ज है। आरोप है कि इन फर्जी कार्डों के जरिए मशीनों से काम कराया गया और कागजों पर फर्जी मजदूरों की हाजिरी भरकर लाखों रुपये डकार लिए गए। जबकि गाँव के असली मजदूर काम के लिए तरसते रहे। ग्रामीणों ने कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत कर कहा है कि मामले की जांच कर दोषी सरपंच और सचिव पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, पद से बर्खास्त करने और गबन की गई राशि की रिकवरी की मांग की है।

मा नवचंडी मेला में 19 फरवरी को विराट कवि सम्मेलन, निमाड़ी गम्मत और फाग उत्सव होंगे आकर्षण

खंडवा। नगर निगम द्वारा आयोजित मा नवचंडी मेला का शुभारंभ 10 फरवरी से हो चुका है। आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े इस मेले में धार्मिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। आयोजन की अनुमति मिलने के बाद मेले की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नवशक्ति एंटरटेनमेंट कंपनी को सौंपी गई है, जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मेले को आकर्षक रूप दिया जा रहा है।

मेले का सबसे बड़ा आकर्षण 19 फरवरी को आयोजित होने वाला अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन रहेगा। इस कार्यक्रम में देशभर से आए प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कवि मनवीर मधुर (दिल्ली), संचालक शशिकांत यादव (देवास), हास्य कवि सुदीप भोला (दिल्ली), लोकप्रिय हास्य कवि शम्भू शिखर (मधुबनी), ओज कवि अशोक चरण (जयपुर), ख्यात हास्य कवि चेतन चर्चित (मुंबई) तथा संयोजक व गीतकार अमन अक्षर (मूंदी/इंदौर) अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेले में स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 और 24 फरवरी को निमाड़ी गम्मत के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 2 मार्च को फाग उत्सव का आयोजन प्रस्तावित है, जबकि 9 मार्च के बाद स्थानीय निमाड़ी कवि सम्मेलन आयोजित कर क्षेत्रीय साहित्यकारों को मंच दिया जाएगा।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं

नवभारत न्यूज

खण्डवा। शासन की मंशा अनुसार आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर और त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने पूरी संवेदनशीलता के साथ एक-एक कर सभी आवेदकों की बातें सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम सावखेड़ा से आई आवेदिका राधाबाई ने अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए बताया कि उन्होंने ग्राम पंचायत सावखेड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए नियमानुसार आवेदन किया था, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी उन्हें अब तक आवास निर्माण की राशि प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर गुप्ता ने मौके पर मौजूद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे तत्काल आवेदिका की पात्रता का पुन: परीक्षण करें और यदि वे पात्र पाई जाती हैं, तो उन्हें योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

शहरी क्षेत्र की समस्याओं के अंतर्गत, सिंगोट स्थित श्री दादाजी धाम एवेन्यू कॉलोनी के रहवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी जनसुनवाई में पहुंचा। ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई कि कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी विकसित करते समय किए गए वादे पूरे नहीं किए गए हैं। वहां बिजली, पानी, नाली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने खण्डवा एसडीएम को निर्देशित किया कि वे इस मामले की विस्तृत जांच करें और ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराएं।

सामुदायिक विकास के एक अन्य मामले में, हरसूद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सात्री के सरपंच और अन्य ग्रामीणों ने गांव में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण के लिए शासकीय भूमि की आवश्यकता जताई। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम हरसूद को ग्रामीणों की मांग के अनुरूप समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए।

इस जनसुनवाई में जिला पंचायत के सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौड़ा, अपर कलेक्टर के आर बड़ोले और डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित थे, जिन्होंने अपने विभाग से संबंधित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

निमंत्रण में आत्मीयता नहीं, सिर्फ कागजी कोरम

सांसद पुत्र के विवाह के कार्ड जनसुनवाई के समय बंटे

खण्डवा। क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के सुपुत्र का विवाह आगामी 1 मार्च को होना तय हुआ है, लेकिन इस मांगलिक अवसर के निमंत्रण वितरण में सम्मान पर शॉर्टकट भारी पड़ गया। दरअसल, मीडिया जगत के साथियों को सम्मानजनक तरीके से आमंत्रित करने के लिए सांसद की ओर से विवाह पत्रिकाएं जनसंपर्क कार्यालय में रखवाई गई थीं, ताकि गरिमापूर्ण तरीके से उन्हें वितरित किया जा सके। मगर पीआरओ कार्यालय के आदेश पर कर्मचारियों ने मेहनत से बचने और घर-घर या कार्यालय जाकर निमंत्रण देने की जहमत उठाने के बजाय एक नायाब सरकारी तरीका खोज निकाला। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में जब पत्रकार जनता की समस्याएं कवर करने पहुंचे, तो वहां उन्हें ख़बरों के साथ-साथ सांसद जी का निमंत्रण भी थमा दिया गया। हद तो तब हो गई जब निमंत्रण में आत्मीयता घोलने के बजाय इसे एक पूरी तरह से सरकारी प्रक्रिया बना दिया गया। कार्ड थमाने के एवज में पत्रकारों से पावती के तौर पर हस्ताक्षर करवाए गए। चर्चा है कि यह पूरी कवायद केवल सांसद महोदय के सामने वितरण के आंकड़े पेश कर वाहवाही लूटने के लिए की गई है, ताकि यह दिखाया जा सके कि काम पूरा हो गया है। मीडिया गलियारों में अब यह वाकया चर्चा का विषय बना हुआ है कि सांसद तो पीआरओ के भरोसे बैठे हैं, लेकिन पीआरओ ऑफिस जनसुनवाई की भीड़भाड़ के भरोसे अपनी जिम्मेदारी की इतिश्री कर रहा है।

श्री सीतारामदास ओंकारनाथ देव का जन्मोत्सव मनाया

नवभारत न्यूज

ओंकारेश्वर। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में परिक्रमा मार्ग स्थित ओंकार मठ आश्रम में श्री श्री सीतारामदास ओंकारनाथ देव जी महाराज का 135वां जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर आश्रम में पिछले आठ दिनों से अनवरत चल रहे अखंड संकीर्तन का भी विधिवत समापन हुआ। उत्सव की शुरुआत सुबह 8 बजे नगर संकीर्तन के साथ हुई। संकीर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत-महात्मा शामिल हुए, जिन्होंने नगर भ्रमण कर माहौल को धर्ममय बना दिया। संकीर्तन के पश्चात सुबह 11 बजे आश्रम में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित भक्तों ने गुरुदेव के प्रति अपनी अगाध आस्था प्रकट की। महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। जन्मोत्सव को लेकर आश्रम में विशेष सजावट की गई थी और दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा।

टेबल ऑडिट' के खुलासे के बाद जांच तेज

जांच टीम छनेरा पहुंची, रिकॉर्ड खंगाले

नवभारत न्यूज

खंडवा। सहकारिता विभाग में पिपलानी और नहल्दा-रामेश्वर समितियों में सामने आए करोड़ों रुपये के घोटालों को लेकर नवभारत द्वारा प्रमुखता से उठाए गए मुद्दे के बाद अब जांच प्रक्रिया में तेजी दिखाई दे रही है। मंगलवार को विभागीय जांच दल छनेरा पहुंचा और समिति से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच शुरू की। टीम ने ऋण वितरण पंजिका, बैंक स्टेटमेंट, कैश बुक और पिछले वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट का मिलान करते हुए उन बिंदुओं पर फोकस किया, जिनसे लंबे समय से चल रही वित्तीय अनियमितताओं की परतें खुल सकती हैं।

पिपलानी मऔर नहल्दा-रामेश्वर सोसाइटी में करोड़ रुपये के गबन ने जिले के ऑडिट सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हर साल ऑडिट होने और 'ए' व 'बी' ग्रेड मिलने के बावजूद अचानक करोड़ों का फर्जीवाड़ा सामने आना यह संकेत देता है कि निगरानी तंत्र या तो पूरी तरह विफल रहा या फिर 'टेबल ऑडिट' के जरिए सिर्फ कागजी खानापूर्ति होती रही। जानकारों का कहना है कि नियमों के अनुसार ऑडिटर को फील्ड पर जाकर भौतिक सत्यापन करना चाहिए, लेकिन कई मामलों में समिति प्रबंधकों द्वारा दिए गए दस्तावेजों के आधार पर ही बंद कमरे में रिपोर्ट तैयार कर दी गई।

एफआईआर दर्ज करने में हो रही लेटलतीफी और दोषियों को कथित रूप से मिल रहे समय को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। किसानों और जमाकर्ताओं का कहना है कि अगर समय रहते ऑडिट में गड़बड़ियां पकड़ी जातीं, तो करोड़ों रुपये का नुकसान टाला जा सकता था। सहकारिता अधिनियम में ऑडिटर की जवाबदेही तय करने का प्रावधान होने के बावजूद आज तक किसी ऑडिटर पर न तो एफआईआर हुई और न ही विभागीय जांच बैठाई गई, जिससे ऑडिट प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह गहराया है।इसी बीच भाजपा जिला अध्यक्ष राजपालसिंह तोमर ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि जांच में हो रही देरी और ऑडिटर की भूमिका गंभीर विषय है, जिसे लेकर वे कलेक्टर को अवगत कराते हुए शीघ्र जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या ऑडिट रिपोर्ट 'मैनेज' की जाती रही और क्या 'टेबल ऑडिट' घोटालेबाजों का सुरक्षा कवच बन गया था। अब नजर इस बात पर है कि जांच सिर्फ कागजों तक सीमित रहती है या जिम्मेदारों तक कार्रवाई भी पहुंचती है।

फूलों के रंगों से सजेगा श्री दादाजी फाग उत्सव

- पारंपरिक निमाड़ी नृत्य और डोल-बाजों के साथ सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बनेगी फाग यात्रा

नवभारत न्यूज

खंडवा। रंग पंचमी 5 मार्च को आयोजित होने वाली श्री दादाजी फाग यात्रा इस वर्ष धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाई जाएगी। सामाजिक सद्भाव जिला खंडवा द्वारा आयोजित इस उत्सव में फूलों से बने प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक संस्कृति दोनों को बढ़ावा मिले। आयोजकों के अनुसार, रासायनिक रंगों से दूर रहते हुए फूलों के रंगों के माध्यम से श्रद्धालु उत्सव का आनंद लेंगे और सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में भागीदारी करेंगे।

फाग यात्रा में पारंपरिक निमाड़ी लोक संस्कृति की विशेष झलक देखने को मिलेगी। निमाड़ी नृत्य दलों की प्रस्तुतियां, डोल-बाजों की थाप और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल श्रद्धालु इस आयोजन को जीवंत और आकर्षक बनाएंगे। आयोजन समिति का कहना है कि यह उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बनेगा, जिसमें विभिन्न समाजों और वर्गों के लोग मिलकर भाग लेंगे।

उत्सव के दौरान धार्मिक अनुशासन और पारंपरिक मर्यादाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात रहेगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा और स्वच्छता के मद्देनजर नगर प्रशासन और आयोजन समिति मिलकर आवश्यक तैयारियां कर रहे हैं।

फाग उत्सव के समापन पर विसर्जन के लिए निर्धारित कुंड में विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। आयोजकों ने बताया कि स्वच्छ जल और साफ-सुथरे वातावरण में विसर्जन कराया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ धार्मिक आस्था का सम्मान भी बना रहे। इसके अलावा श्रद्धालुओं से भी अपील की गई है कि वे प्लास्टिक और हानिकारक सामग्री का उपयोग न करें।

आयोजन समिति का मानना है कि 'श्री दादाजी फाग यात्रा' आने वाले वर्षों में शहर की पहचान बनेगी और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। फूलों के रंगों, निमाड़ी लोक परंपराओं और सामूहिक सहभागिता के साथ यह उत्सव क्षेत्र में भाईचारे और उत्साह का नया संदेश देगा। बैठक में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहन काशिव, सचिव श्री राजपाल, कोषाध्यक्ष जीवन डिंडोरी रामचंद्र मौर्य जिला संयोजक गिरीश बजाज मदन भाव ठाकरे अखिलेश गुप्ता उपस्थित है।

श्री दादाजी मंदिर के नवनिर्माण ने पकड़ी रफ्तार

कलेक्ट गुप्ता ने तकनीकी विशेषज्ञों के साथ जांची गुणवत्ता

नवभारत न्यूज

खंडवा। श्री दादाजी धूनीवाले दरबार में चल रहे भव्य मंदिर के नवनिर्माण कार्यों ने अब गति पकड़ ली है। इसी क्रम में मंगलवार को खंडवा कलेक्टर एवं मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण समिति के सदस्यों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ मिलकर कार्य की वर्तमान स्थिति और गुणवत्ता का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने विशेष रूप से मंदिर के फाउंडेशन निर्माण कार्य का अवलोकन किया। चूंकि यह एक विशाल और भव्य संरचना होगी, इसलिए इसकी नींव की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान, मंदिर निर्माण से जुड़े स्ट्रक्चरल इंजीनियर किरण भावसार और आर्किटेक्ट जितेन्द्र त्रिवेदी ने कलेक्टर को अब तक हुए कार्यों की तकनीकी जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने साइट पर नक्शे और डिजाइन के अनुरूप हो रहे निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि फाउंडेशन का काम किस चरण में है और आगामी दिनों में पिलर और अन्य स्ट्रक्चरल कार्यों को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान भविष्य में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया।

ये रहे उपस्थित

इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और समिति के सदस्यों की भी उपस्थिति रही। मौके पर अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा के साथ मंदिर निर्माण समिति के सदस्य शांतनु दीक्षित, धर्मेन्द्र बजाज, रोचक नागोरी और सतीश कोटवाले भी उपस्थित थे, जिन्होंने निर्माण संबंधी अपने सुझाव और विचार साझा किए।

प्रशासन की प्राथमिकता- कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि श्री दादाजी मंदिर का नवनिर्माण केवल एक संरचनात्मक कार्य नहीं, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का विषय है। इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

खंडवा में जनसमस्याओं पर कांग्रेस मुखर बिजली कटौती और फसल बीमा में धांधली को लेकर कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले में व्याप्त बिजली संकट, किसानों की समस्याओं और ओंकारेश्वर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पूर्व विधायक राजनारायण सिंह और जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल दोपहर में कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहाँ उन्होंने जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता से मुलाकात कर जनहित से जुड़े तीन अलग-अलग विषयों पर ज्ञापन सौंपे और समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने जानकारी दी कि प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से विद्युत विभाग की मनमानी, फसल बीमा सर्वे में अनियमितता और ओंकारेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मुद्दों को उठाया है।

प्रतिनिधिमंडल ने अपने पहले ज्ञापन में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में स्कूली

विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे संवेदनशील समय में की जा रही बिजली कटौती से छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। साथ ही, उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा कृषि बकाये की वसूली के नाम पर किसानों के घरेलू कनेक्शन काटे जा रहे हैं और नियम विरुद्ध तरीके से उनकी पानी की मोटरें जब्त की जा रही हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि परीक्षा अवधि तक वसूली और कटौती पर रोक लगाई जाए तथा जब्त मोटरें वापस कर मानवीय आधार पर कार्यवाही की जाए।

दूसरे ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने प्रसिद्ध तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में प्रसादालय योजना के तहत बने रैंप की सुरक्षा खामियों को उजागर किया। उन्होंने चिंता जताई कि रैंप पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, लेकिन वहां कोई आपातकालीन निकास द्वार नहीं है। आगामी सिंहस्थ और त्योहारों को देखते हुए भगदड़ जैसी किसी भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त, परिसर में शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मुद्दा भी उठाया गया और प्रशासन से सुरक्षा इंतजामों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की मांग की गई।

तीसरे ज्ञापन में जिले में बेमौसम बारिश और आंधी से गेहूं की फसल को हुए नुकसान और बीमा सर्वे में हो रही गंभीर अनियमितताओं का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस का कहना है कि किसानों द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बावजूद सर्वेयर खेतों तक नहीं पहुंच रहे हैं या केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। सर्वे में नुकसान की वास्तविक तारीखों की जगह गलत तारीखें दर्ज की जा रही हैं, जिससे किसानों को मुआवजा मिलने में तकनीकी बाधा आ सकती है। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी प्रभावित किसानों के खेतों का निष्पक्ष पुन: सर्वे कराया जाए और बीमा कंपनी के लापरवाह प्रतिनिधियों पर कार्यवाही हो। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इन समस्याओं पर त्वरित और उचित कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर सुरेश पवार, वामनराव जाधव, इम्तियाज खान, जगदीश छापरिया, सुखदेव कान्हापुरिया, मुकेश नंदिया, एनएसयूआई के अजय अग्रवाल, राजेश यादव, राज खरते और राजेश पिपलोद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।